साँवरे की महफ़िल | By Kishori Kanishka

सांवरे की महफिल लगे खाटू में
ग्यारस पर खाटू में आकर तो देखो
हारे का साथी मेरा सावरा है
फरियाद अपनी लगा कर तो देखो
ग्यारस पर खाटू में.............

सांवरे को जिसने अपना बनाया
अपनों से ज्यादा साथ श्याम ने निभाया
महफिल में इसकी सब की जगह है
सांवरे की महफिल में आकर तो देखो
सांवरे की महफिल लगे खाटू में
ग्यारस पर खाटू में ....

जिसका कोई नहीं है इस जहां में
मेरा सांवरा है उस का सारे जहां में
महफिल में इसकी सब कुछ मिलेगा
सांवरे को दिल की बता कर तो देखो
सांवरे की महफिल लगे खाटू में
ग्यारस पर खाटू में ....

मेरे सांवरे का दरबार निराला
दर्द जो भी आए किशोरी किस्मत वाला
राही भी तेरा श्याम दीवाना
हम पर भी प्यार लुटा कर तो देखो
सांवरे की महफिल लगे खाटू में
ग्यारस पर खाटू में ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%ab%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%b2-by-kishori-kanishka/